# नगर पालिका परिषद , हापुड़

विकास के लिए समर्पित

**E-Newsletter** **Edition -March, 2018**



प्रफुल्ल सारस्वत

अध्यक्ष



जे के आनंद

अधिशासी अधिकारी

## 90 करोड़ से मिलेगी शहर के विकास को रफ्तार

### हापुड़ नगर पालिका की बोर्ड बैठक में कल पेश होगा बजट

अमर उजाला ब्यूरो

हापुड़।

**विकास कार्यों समेत 83 प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रखे जाएंगे**

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक की बजट बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्तव की अध्यक्षता में होगी। इसमें अगले वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए करीब 90 करोड़ रुपये का बजट पेश किया जाएगा। यह बजट चालू वित्तीय वर्ष के लगभग बराबर होगा। बैठक में 85 प्रस्ताव भी विकास कार्यों व अनेक प्रकार के भुगतान को लेकर बोर्ड से स्वीकृति के लिए रखे जाएंगे।

नगर पालिका परिषद हापुड़ के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार आनंद ने पालिका सदस्यों के अवलोकनार्थ जारी किए बजट बोर्ड बैठक के एजेंडे में उक्त जानकारी दी है। एजेंडा प्रस्ताव संख्या 43 से शुरू है, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष का मूल बजट बोर्ड की स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। बताया गया है कि इस बार बजट करीब 90 करोड़ का होगा जो चालू वित्तीय वर्ष के बराबर होगा। 42 प्रस्तावों पर इससे पूर्व में हुई बोर्ड बैठक में चर्चा हो गयी थी। इसीलिए इस बार 43 वें प्रस्ताव से एजेंडा प्रारम्भ होगा।

दिलचस्प बात यह है कि इस एजेंडे में एक एक प्रस्ताव पर बड़ी संख्या में विकास कार्य किए जाने की स्वीकृति मांगी जाएगी। एक प्रस्ताव संख्या 61 ऐसा है जिसमें कई करोड़ के 48 विकास कार्यों की स्वीकृति मांगी जाएगी। इसी तरह मेरठ रोड पर गुरुद्वारे से रेलवे लाइन तक आरसीसी नाले के निर्माण कार्य के लिए 1.39 करोड़ का प्रस्ताव, जबकि असौड़ा रोड आवास विकास तिराहे से सर्वोदय कालोनी मोड़ तक नाला और सड़क सुधार कार्य के लिए 1.25 करोड़ का प्रस्ताव व जसरूप नगर नाले के लिए 1.45 करोड़ का प्रस्ताव भी बोर्ड स्वीकृति को रखा जाएगा, हालांकि असौड़ा रोड का कुछ ही समय पहले निर्माण हुआ था।

सर्वोदय कालोनी मोड़ से आगे पानी की निकासी नहीं होने से असौड़ा रोड़ का कुछ भाग टूट गया है। अगर वहां से असौड़ा के तालाब तक बड़ी नाली बन जाए तो चंद लाख रुपये में ही तमाम काम हो सकता था व समस्या का समाधान भी हो जाता, ऐसे में सवा करोड़ का प्रस्ताव रखे जाने की मंशा क्या है, इसको लेकर बैठक में सवाल उठ सकते हैं।

विकास कार्यों पर फिलहाल कितना पैसा खर्च करने की स्वीकृति मांगी गयी है, अभी यह भी स्पष्ट नहीं है लेकिन अनुमान है कि 25 करोड़ से ज्यादा के ही प्रस्ताव होंगे। आश्चर्य की बात है कि अब से पहले ठेकेदारों ने जो कार्य कर दिए हैं, उनका भुगतान अटका पड़ा है और आगे के लिए टेंडर मांग लिए गए हैं।



नगर पालिका द्वारा लगाए गए शिविर में गृह और जल कर जमा करते कर्मी।

## नगर पालिका परिषद ने श्रीनगर में लगाया शिविर

हापुड़। नगर पालिका परिषद के मोहल्ला श्रीनगर वार्ड नंबर 29 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जलकर और गृहकर जमा कराया गया जिसमें करीब 1.30 लाख रुपये वसूल किए गए।

शिविर का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत ने कहा कि लोगों को परेशानी न हो इसके लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कर निर्धारण अधिकारी अवधेश कुमार, सभासद विशाल गोयल, सुनील सिंह, शुभम राजपूत, उमेश शर्मा, अवनीश कुमार, संजय अग्रवाल, कृष्ण गोयल, केशव शर्मा, हरीश कुमार, राजकुमार आदि लोग उपस्थित थे। ब्यूरो

## गृहकर के लिए शिविर का आयोजन


हापुड़। नगर पालिका परिषद के कर विभाग द्वारा शनिवार को वार्ड नंबर 37 में कांति प्रसाद की धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान लोगों ने अपना गृह और जल कर जमा कराया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत ने बताया कि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर कर जमा करा रही है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड नंबर 37 में इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही लोगों ने पहुंचकर अपने कर जमा कराए। कर निर्धारण अधिकारी अवधेश कुमार इस दौरान करीब 40 हजार रुपये का कर वसूल किया गया। सभासद नितिन पाराशर ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए इसे सराहनीय बताया। इस अवसर पर सुनील सिंह, शुभम राजपूत, उमेश शर्मा, अवनीश कुमार, संजय अग्रवाल, कृष्ण गोपाल, कृष्ण कुमार, राहुल, अंकित उपस्थित थे। ब्यूरो

## पालिका की आय बढ़ाना पहली प्राथमिकता

अमर उजाला ब्यूरो

हापुड़।



**नगर वित्त संसाधन विकास बोर्ड के सदस्य ने किया नगर पालिका का निरीक्षण**

प्रदेश सरकार में नगर वित्त संसाधन विकास बोर्ड के सदस्य शिव शंकर सिंह ने सोमवार को नगर पालिका का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पालिका की आय बढ़ाने के आदेश दिए हैं।

नगर वित्त संसाधन विकास बोर्ड के सदस्य शिव शंकर सिंह ने कहा कि अधिकारियों की पहली प्राथमिकता नगर पालिका की आय बढ़ाना होना चाहिए। क्योंकि बिना आय बढ़े शहर का विकास संभव नहीं है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों पर बकाया को वसूलने पर जोर दिया। इसके अलावा पानी के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाकर जल कर को अधिक से अधिक वसूलने के आदेश दिए। इस मामले में उन्होंने लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जाए। लोगों को योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही शहर को साफ रखने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

इससे पहले उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति रही। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार आनंद, मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हसन, कर निर्धारण अधिकारी अवधेश कुमार मौजूद थे।

EDUCATION HUB

नगर पालिका परिषद , हापुड़
विकास के लिए समर्पित

# जाम से मुक्ति के लिए पार्किंग स्थल की कार्य योजना तैयार करें



कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम।

अमर उजाला ब्यूरो

हापुड़।

शहर को जाम के झाम से राहत दिलाने को सोमवार को डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएम प्रमोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका चयनित पार्किंग स्थल की कार्य योजना तैयार करे। साथ ही शहर के 10-15 किलोमीटर दायरे का मैप तैयार कर अवगत कराएं।

डीएम सीडीओ दीपा रंजन, एसपी हेमंत कुटियाल, एडीएम रजनीश राय के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में एआरटीओ के प्रतिनिधि ने बताया कि जिले में वाहनों के लिए पार्किंग न होने से समस्या आ रही है। नगर पालिका परिषद हापुड़ के सफाई निरीक्षक ने बताया कि पहले से ही पार्किंग के लिए मेरठ रोड पर कमला अग्रवाल इंटर कालेज के पास स्थान चिन्हित है। कहा कि नगर पालिका पार्किंग की व्यवस्था के लिए निर्धारित स्थान को चिन्हित कर उसकी कार्ययोजना भी तैयार करे। उन्होंने पिलखुवा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक को पार्किंग के लिए 10-15 किलोमीटर के दायरे का मैप बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद हापुड़ व एचपीडीए क्रैन के लिए अनुबन्ध सुनिश्चित करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि जेबरा लाईन, पीली लाईन और स्टॉफ लाईन बनाकर यातायात की व्यवस्था की जाए।

**अमृत योजना को लेकर बैठक :** **हापुड़।** डीएम ने पुरानी कलक्ट्रेट में अमृत योजनांतर्गत नया सवेरा योजना को लेकर एसडीएम, अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि जो नगर पालिका एक लाख से कम आबादी वाली हैं वहां पर यह योजना संचालित होगी। दीन दयाल आदर्श नगर पंचायत बाबूगढ़ में भी नया संवेरा योजना संचालित की जाएगी, जिसके लिये पात्र लाभार्थियो का चयन किये जाने के लिए अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।